प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आज सुबह 11 बजे घोषित करेगा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम।
- दिल्ली से शिमला के लिए आज से हवाई सेवाएं बहाल–मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन की जाएंगी संचालित।
- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम स्पीति में लिख रहा विकास की नई इबारत।
- बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर शिमला में राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन।
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कल से 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का पुर्वानुमान जताया।

.............................................

परिणाम

प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड दसवीं की वार्षिक परीक्षा का परिणाम आज घोषित करेगा। बोर्ड के सचिव डॉक्टर विशाल शर्मा ने बताया कि परिणाम सुबह 11 बजे घोषित किया जाएगा और इसे बोर्ड की वेबसाईट पर भी देखा जा सकेगा। इस बार मार्च माह में 93 हजार 5 सौ 64 विद्यार्थियों ने प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षा दी थी। विद्यार्थी रिजल्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 10वीं की परीक्षाएं 3 से 29 मार्च तक आयोजित की गई थीं। परीक्षा का आयोजन 384 केंद्रों पर हुआ था।

.............................................

सोमनाथ अमृत पर्व

ऐतिहासिक सोमनाथ मंदिर आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक केन्द्र के रूप में अपनी यात्रा के 75 वर्ष पूरे कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमनाथ अमृत पर्व के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सोमनाथ मंदिर वर्तमान समय में अपने स्वर्ण युग में है। धार्मिक महत्व के अतिरिक्त सोमनाथ मंदिर पर्यावरणीय संरक्षण में भी अग्रणी स्तर पर उभर रहा है। इसका लक्ष्य देश के पहले शून्य उत्सर्जन वाले मंदिर के रूप में स्थापित होना है।

..............................................

<u>हवाई सेवा</u>

दिल्ली से शिमला के लिए हवाई सेवाएं आज से दोबारा बहाल हो रही है। ये सेवाएं मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन संचालित की जाएंगी। इसके अलावा शिमला से धर्मशाला के लिए भी कल 11 मई से हवाई सेवाओं की शुरूआत होने जा रही है। इस रूट पर मंगलवार और रविवार को छोड़कर सप्ताह में 5 दिन हवाई सेवाएं होंगी। इन सेवाओं के शुरू होने से राज्य में हवाई सेवाओं में उल्लेखनीय सुधार होने की संभावना है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बताया कि इससे राज्य में पर्यटन व व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

..............................................

<u>वाइब्रेंट विलेज</u>

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम अब लाहौल–स्पीति के गांवों में विश्वास, आत्मनिर्भरता और समृद्धि की नई कहानी लिखता नजर आ रहा है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत चीन सीमा से सटे गांव तेजी से बदल रहे हैं। स्पीति घाटी के ग्यू, लालुंग और माने जैसे गांव अब मॉडल विलेज के रूप में उभर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि इस योजना का उद्देश्य सिर्फ विकास नहीं, बल्कि सीमावर्ती गांवों में नई उम्मीद देना है ताकि सीमा पर बसे लोग खुद को देश की मुख्यधारा से और अधिक जुड़ा महसूस कर सके। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट...........

..............................................

सीबीएसई – प्रोजेक्ट मेट

समग्र बौद्धिक विकास पर आज नई दिल्ली में परामर्शदाता सम्मेलन होगा। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के सहयोग से यह आयोजन किया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में शैक्षणिक विकास के साथ साथ भावनात्मक, सामाजिक और मनोवैज्ञानिक आरोग्य को बढ़ावा देना है। यह परियोजना इस वर्ष जुलाई से छठी से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए लागू की जाएगी। इसके तहत कल्याण मॉड्यूल, सहकर्मी सहायता गतिविधियाँ और अभिभावक सहभागिता कार्यशालाएं शामिल हैं।

..............................................

संगोष्ठी

इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ लीगल स्टडीज शिमला में कल बौधिक संपदा अधिकार विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान ने कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 21 वीं सदी में विशेषकर कृत्रिम बुध्दिमत्ता व सूचना प्रोद्योगिकी के युग में बौद्धिक संपदा अधिकार विषय अत्यंत महत्वपूर्ण हो गए हैं। उन्होंने विद्यार्थियों व युवा अधिवक्ताओं को प्रेरित करते हुए कहा कि भविष्य में ऐसे अधिवक्ताओं की आवश्यकता होगी जो इन संवेदनशील व जटिल मुददों को

प्रभावी रूप से समझ सके। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से आए 400 से अधिक शोधार्थियों, प्राध्यापकों, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

..............................................

वर्ड फैस्टिवल समापन

किन्नौर जिला की प्राकृतिक विरासत, दुर्लभ पक्षी प्रजातियों के संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 3 दिवसीय किन्नौर बर्ड फेस्टिवल का आज समापन होगा। यह आयोजन 8 मई से हिमाचल पर्यटन विभाग, ओम किन्नौर स्थानीय शाखा, वन विभाग और जिला प्रशासन किन्नौर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। अधिक ब्योरे के साथ हमारी किन्नोर जिला सम्वाद्दाता..........

..............................................

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम आमतौर पर साफ है। हालांकि प्रदेश में मई के दूसरे सप्ताह में भी ठंड बरकरार है और लोगों को सुबह–शाम गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे हैं। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार कल से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा जिससे 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का अनुमान है। विभाग के अनुसार मध्य और उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में इसका ज्यादा असर देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने 11 मई को चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए येलो जबकि 12 और 13 मई को कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और शिमला के लिए ओरेंज व अन्य जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

..............................................

केंद्र–अनुबंध –कार्यरत कर्मचारी

केंद्र सरकार ने श्रम संहिता के लिए नए दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इससे केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, स्वायत्त निकायों और केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत आउटसोर्स और संविदा कर्मचारियों की सुरक्षा को मजबूती मिलेगी। श्रम और रोजगार मंत्रालय ने कहा कि इन सुधारों का उद्देश्य समय पर वेतन का भुगतान, अनिवार्य सामाजिक सुरक्षा अंशदान, ठेकेदारों और प्रमुख नियोक्ताओं की अधिक जवाबदेही तथा श्रम कानूनों के उल्लंघन के खिलाफ मजबूत प्रवर्तन व्यवस्था सुनिश्चित होगी। इन उपायों से संविदा कर्मचारियों के वेतन भुगतान में देरी और वैधानिक देय राशियों के भुगतान में चूक कम हो सकेगी। निर्देशों में इस बात पर बल दिया गया है कि व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता, 2020 की धारा 55–3 के अंतर्गत, मुख्य नियोक्ता के लिए यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि ठेकेदार समय पर वेतन का भुगतान करें। निर्देशों में वेतन भुगतान के लिए समयसीमा निर्धारित करने वाली वेतन संहिता, 2019 की धारा 17–1 का भी उल्लेख किया गया है।

..............................................

अब एक नज़र अखबारों की सुर्खियों पर.....

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला प्रदेश हाईकोर्ट के हवाले से लिखता है– रिकार्ड गुम होने पर भू स्वामी का हक खत्म नहीं हो जाता–अदालत ने कहा प्रशासनिक चूक की सजा नागरिकों को नहीं दे सकते, लैंड बहाली मामले में पुनर्विचार का आदेश। पंजाब केसरी की सुर्खी है– हिमाचल में बादल फटने की घटनाओं के वैज्ञानिक अध्ययन के निर्देश।

दैनिक जागरण की एक खबर है– राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश, 31 मई तक तबादलों की फाइल न भेजें, शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया भी टालने का आग्रह।

मौसम पर दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– राज्य में कल से फिर झमाझम 12–13 को भारी बारिश के आसार, ओलावृष्टि–तूफान का अलर्ट।

.............................................

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड आज सुबह 11 बजे घोषित करेगा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम।
- दिल्ली से शिमला के लिए आज से हवाई सेवाएं बहाल–मंगलवार को छोड़कर सप्ताह में 6 दिन की जाएंगी संचालित।
- केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम स्पीति में लिख रहा विकास की नई इबारत।
- बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर शिमला में राष्ट्रीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन।
- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते कल से 15 मई तक प्रदेश के अधिकांश भागों में बारिश, अंधड़ और ओलावृष्टि का पुर्वानुमान जताया।

.............................................